RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

वर्दी की महिमा बड़ी, सचमुच अपरंपार।
धारण करने मात्र से, लग जाते अंबार।
लग जाते अंबार, भले हो बंदा नकली।
मिल जाता बेरोक, हर जगह चंदा असली।
कह साहिल कविराय, न देखे गर्मी-सर्दी।
हर मौसम में कृपा, बनाये रखती वर्दी।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 158 | WEDNESDAY DATE 01-07-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सिर्फ प्रोत्साहन नहीं, अब बदलाव होगा अनिवार्य

## सीएम रेखा : पुरानी नीति में बड़े सुधार, 2030 तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का नया विजन

» **नयी दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**

दिल्ली सरकार की नई ईवी पॉलिसी-2026 एक जुलाई से लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नई नीति केवल इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहन देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वर्ष 2030 तक राजधानी की परिवहन व्यवस्था को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलने का व्यापक रोडमैप पेश करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में लागू की गई पिछली ईवी नीति ने दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की शुरूआत की थी, लेकिन समय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि केवल प्रोत्साहन देकर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए नई नीति तैयार की गई है, जिसमें चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, संस्थागत व्यवस्था, बैटरी प्रबंधन और विभिन्न श्रेणी के वाहनों के चरणबद्ध विद्युतीकरण पर विशेष जोर दिया गया है। नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 30 हजार रुपये तक का खरीद प्रोत्साहन जारी रहेगा।

इसके अलावा पहली बार पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 10 हजार रुपये का अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। सरकार ने यह भी तय किया है कि 1 अप्रैल 2028 से दिल्ली में नए दोपहिया वाहनों का पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के रूप में होगा।



तिपहिया वाहनों के लिए भी प्रोत्साहन राशि बढ़ाई गई है। पहले जहां अधिकतम 30 हजार रुपये का प्रोत्साहन मिलता था, अब इसे बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया गया है। पुराने वाहन को स्क्रैप कराने पर 25 हजार रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। वहीं 1 जनवरी 2027 से एल-5 श्रेणी के नए ऑटो रिक्शा का पंजीकरण केवल इलेक्ट्रिक वाहनों के रूप में किया जाएगा।

### नई ईवी पॉलिसी-26 बेहतर एवं मजबूत

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया है कि ईवी पॉलिसी-2026 मौजूदा ईवी पॉलिसी से काफी दमदार और प्रभावी होगी। पुरानी ईवी पॉलिसी की कमियों को दूर कर 2030 का रोड मैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा है कि नई ईवी पॉलिसी में चार्जिंग नेटवर्क से लेकर वोटरों नेटवर्क तक मजबूत ढांचा तैयार किया गया है। दरअसल मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 29 जून को ही ईवी पॉलिसी-2026 घोषित की है। नई ईवी पॉलिसी को प्रभावी बनाने के लिए सरकार इंफ्राट्रेक्चर, खरीदारों को प्रोत्साहित करने तक करीब 7.000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। नई पॉलिसी एक जुलाई यानी आज से लागू हो रही है। मुख्यमंत्री का कहना है मौजूदा ईवी पॉलिसी से स्पष्ट हो गया है कि केवल प्रोत्साहन देकर इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है। अब जरूरत इस बात की है कि राजधानी के पूरे परिवहन तंत्र को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में आगे बढ़ाया जाए। इसी सोच के साथ नई ईवी पॉलिसी -2026 तैयार की गई है। नई ईवी नीति केवल इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए प्रोत्साहन देने तक सीमित नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूखहड़ताल के तीसरे दिन सोनम वांगचुक की तबीयत बिगड़ी

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन मंगलवार को 11वें दिन भी जारी रहा। नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्ध को लेकर शिक्षा मंत्री प्रमोद प्रधान की इस्तीफे की मांग समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और परीक्षा प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर शुरू हुआ यह आंदोलन अब सरकारी जवाबदेही और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग तक पहुंच गया है। प्रदर्शन के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की तबीयत को लेकर चिंता बढ़ गई है। वांगचुक के भूख हड़ताल का मंगलवार को तीसरा दिन था। सीजेपी की ओर से जारी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अनुसार, उनका ब्लड शुगर स्तर 66 दर्ज किया गया, जो सामान्य स्तर से कम बताया गया है। उनका रक्तचाप 117/60, ऑक्सीजन सैचुरेशन 96 प्रतिशत और पल्स रेट 92 दर्ज किया गया। चिकित्सकों ने कहा कि लगातार गर्मी के बीच बिना भोजन के रहना स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। हालांकि, डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है।



### नीट यूजी पुनर्परीक्षा परिणाम जल्द, एनटीए सुधारों पर भी होगी चर्चा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) जल्द ही नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा का परिणाम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर घोषित कर सकती है। पेपर लीक की आशंकाओं के चलते मूल परीक्षा रद्द होने के बाद यह पुनर्परीक्षा 21 जून को आयोजित हुई थी। परिणाम घोषित होने के बाद, उम्मीदवार अपने एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके अपना स्कोरकार्ड डाउनलोड कर सकते है। मूल नीट यूजी 2026 परीक्षा के रद्द होने के बाद, एनटीए ने 21 जून को यह पुनर्परीक्षा देश और विदेश के 5,400 से अधिक केंद्रों पर ऑफलाइन मोड में संपन्न कराई। इसमें बायोमैट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी और एआई-आधारित मॉनिटरिंग जैसी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था अपनाई गई थी। इस परीक्षा में लगभग 20.7 लाख उम्मीदवार शामिल हुए थे। प्रोविजनल आंसर की 25 जून को जारी की गई थी, जिस पर 28 जून तक आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं।

### योगी ने रामपुर को दी 690 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**रामपुर, यूटर्न/ 30 जून ।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर दौरे पर जिले को 690.39 करोड़ रुपये की 102 विकास योजनाओं की सौगात दी। रुक-रुककर हो रही बारिश और सुहाने मौसम के बीच उन्होंने इन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं विशेष रूप से मिलक और बिलासपुर विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इस मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने पिछली समाजवादी पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

## स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का सपना होगा साकारः जगत प्रकाश नड्डा

**नयी दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि स्वस्थ भारत के माध्यम से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है।



श्री नड्डा ने आज इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ भारत के माध्यम से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने चिकित्सा शिक्षा के ह्यहार्डवेयरह्ण और ह्यसॉफ्टवेयरह्ण दोनों को समान महत्व देते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आईएलबीएस विश्वस्तरीय संस्थान है, जिसने रोगी देखभाल, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनायी है। उन्होंने कहा कि सुपर-स्पेशियलिटी शिक्षा केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज के प्रति बड़ी जिम्मेदारी भी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आईएलबीएस देशभर में फैटी लिवर रोग के प्रति जागरूकता फैलाने, अनुसंधान और उन्नत उपचार सेवाओं के माध्यम से महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संस्थान ने इस बीमारी के जोखिम, रोकथाम और दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने में उल्लेखनीय भूमिका निभायी है। श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और नीतिगत सुधारों पर समान रूप से ध्यान दिया है।

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले का राजनीतिकरण करना ठीक नहीं : मायावती

» **लखनऊ, यूटर्न/ 30 जून ।**

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भी राम मंदिर में हुए चंदा चोरी पर जिंता जताई है। इसके साथ ही इस मामले पर राजनीति नहीं करने की भी अपील की है।



मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अयोध्या में श्रीराम मन्दिर से चढ़ावे की हुई चोरी, गबन व हेराफेरी आदि करने की मीडिया में आए दिन किस्म-किस्म की आ रही खबरें अति-गम्भीर व चिंतनीय हैं। ऐसे लोगों को कतई बक्शा नहीं जाना चाहिए, लेकिन इस मामले का राजनीतिकरण करना भी ठीक नहीं है। साथ ही, अब यहां मंदिर में चढ़ावे को लेकर आगे कोई भी शिकायत न आये, इसके लिए देश के दूसरे विख्यात व प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ावे के हिसाब-किताब के लिए जो व्यवस्था है, उनका यहां अयोध्या में भी अनुसरण करके इस मामले को जल्द ही सुलझाना चाहिए।'

बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, 'इतना ही नहीं देश में राजनीति का अपराधीकरण व अपराध का राजनीतिकरण तथा धर्म का राजनीतिकरण एवं राजनीति का अंध धर्मीकरण ना किया जाये तो यह सही व संवैधानिक होगा। बसपा की राजनीतिक पार्टियों को देश व जनहित में यही सलाह है और देशवासियों से भी अपील है कि इस मामले के राजनीतिकरण पर ध्यान न दें।' इसके पहले 22 जून को मायावती ने 'एक्स' पर लिखा था, 'बहुजन समाज पार्टी ने उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर जबसे अपर कास्ट समाज और उसमें से खासकर ब्राह्मण समाज के बीएसपी से जुड़ने को ध्यान में रखकर, पार्टी का उम्मीदवार बनाना शुरू कर दिया है.

## अयोध्या के राम मंदिर चढ़ावा चोरी से सनातन को हुई क्षति : धीरेन्द्र शास्त्री

» **भोपाल, यूटर्न/ 30 जून ।**

मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अयोध्या के राम मंदिर में चोरी की घटना सामने आने पर दुख जताते हुए कहा है कि इस घटना से सनातन को क्षति हुई है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर की घटना से लाखों करोड़ों राम भक्तों की श्रद्धा को आघात पहुंचा है।



उन्होंने कहा कि इस घटना से लोगों की मंदिर, संतो के प्रति जो श्रद्धा है उसे ठोस पहुंची है। जो हमारी सनातन परंपरा है, प्राचीन परंपराएं हैं जिससे लोग जुड़े हुए थे उनके हृदय पर आघात लगा।इस घटना से सनातन को क्षति हुई है। यह कुकृत्य जिन लोगों ने किया है, महादंड पाएंगे। उन्होंने रावण के अपराध का जिक्र करते हुए कहा कि रावण ने मां सीता का हरण किया था उसका समूल वंश का नष्ट हुआ था। जिन्होंने भगवान राम के यहां पर रहकर इस तरह का कार्य किया वे महादंड पाएंगे। उन्होंने कहा कि यही धर्मविरोधी ताकतें मंदिर और संतों पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। राम मंदिर की इस घटना के बाद सनातनी वैष्णव परंपरा, संत परंपरा जो भगवान के प्रति पूर्ण समर्पित हैं, ऐसे लोगों को भगवान के मंदिर की सेवा का कार्य मिलना चाहिए। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इंडोनेशिया के मुस्लिमों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के मुसलमानों को इंडोनेशिया जाना चाहिए और वहां देखना चाहिए कि वहां जो लोग दिन में पांच वक्त की नमाज पढ़ते हैं, वे दीपावली का दीया भी जलाते हैं।

वहां मुस्लिम राम कथा में भी आते हैं और सभी परंपराओं का सम्मान भी करते हैं।

## कांग्रेस ने इस देश की मिट्टी से कभी प्यार नहीं किया, सिर्फ तुष्टिकरण को दिया महत्व : नितिन नवीन

» **हैदराबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को तेलंगाना राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। इसके साथ ही कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए तुष्टिकरण की राजनीति सबसे अहम रही है, इसलिए कांग्रेस ने इस देश की मिट्टी से कभी प्यार नहीं किया।



नितिन नवीन ने कार्यकताओं को संबोधित

करते हुए कहा, 'भाजपा का विशाल वटवृक्ष आप देख रहे हैं, ये हमारे कार्यकताओं की मेहनत का फल है।

1980 में स्थापित भाजपा को 1984 के चुनाव में सिर्फ दो सीटें मिली थीं। आज यह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। इसका श्रेय भाजपा के बूथ कार्यकताओं को जाता है, जो सबसे निचले स्तर पर काम करते हुए कमल खिलाने का संकल्प पूरा करते हैं।'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत', पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन के भाव को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भारत के निर्माण में लगे हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में विकास की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प को पूरा किया गया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत का तिरंगा लहराता रहे, इस संकल्प को पूरा किया गया।'

# दिल्ली पुलिस ने नंदू गैंग से जुड़े एक कुख्यात अपराधी को किया गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**

दिल्ली पुलिस ने ह्यनो गन्स, नो गैंग्सह्न अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग से जुड़े एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही द्वारका जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ ने सांगवान को अवैध हथियार और चोरी की स्कोडा कार आपूर्ति करने वाले उसके मददगार को भी दबोचा है।

इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और चोरी का वाहन बरामद किया है।

द्वारका के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) कुशल पाल सिंह ने कहा कि जिला पुलिस अवैध हथियारों और



संगठित अपराध को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अपराधियों को हथियार रखने या हिंसक वारदातों को अंजाम देने से रोकने के दिल्ली पुलिस के संकल्प को दर्शाती है। जिला पुलिस गैंग के सदस्यों और आदतन अपराधियों के खिलाफ इसी तरह दृढ़ता से कार्रवाई जारी रखेगी।

मुख्य आरोपी की पहचान उत्तम नगर निवासी सोनू उर्फ साहिल चौधरी (36) के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, वह एक आदतन अपराधी है और हत्या के प्रयास, कार लूटने के लिए अपहरण, डकैती, चोरी और आर्म्स एक्ट सहित 12 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। जांचकर्ताओं ने बताया कि वह कथित तौर पर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के करीबी सहयोगियों के संपर्क में आया था और पहले भी एक संपत्ति विवाद से जुड़ी गोलीबारी की घटना में शामिल था।

पुलिस ने यह भी आरोप लगाया कि वह पकड़े जाने से बचने के लिए चोरी की स्कोडा कार पर उत्तराखंड का फर्जी पंजीकरण नंबर इस्तेमाल कर रहा था।

# सिरसा ने राजौरी गार्डन की सरकारी खाली जमीनों पर अतिक्रमण रोकने के दिये निर्देश

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने, चारदीवारी निर्माण, नियमित रखरखाव और जनहित में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। सिरसा ने मंगलवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र में सरकारी खाली पड़ी जमीनों की स्थिति और उनके बेहतर उपयोग को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा सरकारी भूमि को अतिक्रमण से सुरक्षित रखने, चारदीवारी निर्माण, नियमित रखरखाव और जनहित में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश



दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि जनता की अमूल्य संपत्ति है और इसका प्रत्येक इंच दिल्लीवासियों के हित में उपयोग होना चाहिए।

इन जमीनों पर अतिक्रमण होने देने के बजाय पार्किंग, सामुदायिक केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पार्क और अन्य जनोपयोगी सुविधाओं का विकास किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी खाली जमीनों को कचरा या निर्माण मलबा डालने का स्थान नहीं बनने दिया जाएगा। सभी भूमि स्वामित्व वाली एजेंसियों को अपनी जमीनों पर मजबूत चारदीवारी, नियमित साफ-सफाई, रखरखाव और समयबद्ध तरीके से अतिक्रमण हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, ताकि भविष्य में इनका उपयोग विकास कार्यों और सामुदायिक सुविधाओं के लिए किया जा सके। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को प्रमुख सड़कों पर जहां संभव हो, वहां सुव्यवस्थित सेंट्रल वर्ज (मध्य पट्टी) विकसित करने की संभावनाओं का अध्ययन करने के भी निर्देश दिए।

# *यमुना किनारे बसे 19 गांवों में बाढ़ से निपटने की व्यापक तैयारीयां, प्रशासन अलर्ट: उपायुक्त

» **पानीपत, यूटर्न/ 30 जून ।**

जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिला सचिवालय में बाढ़ तैयारी एवं शमन उपायों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यमुना नदी से सटे संवेदनशील क्षेत्रों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना नदी के किनारे स्थित 19 गांवों में बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों को लेकर व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन और ग्रामीण पूरी तत्परता के साथ कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि यमुना से सटे प्रत्येक गांव के लिए अलग-अलग कार्ययोजना तैयार की जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

उपायुक्त ने कहा कि गांव स्तर पर आपदा प्रबंधन को लेकर लोगों को प्रशिक्षित किया जाए। इसके लिए राहत एवं बचाव कार्य, सुरक्षित स्थानों पर निकासी, प्राथमिक उपचार तथा आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित ग्रामीण किसी भी आपदा के समय प्रशासन का प्रभावी सहयोग कर सकेंगे। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा,



'संभावित बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूर्व तैयारी ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

हमारा उद्देश्य केवल राहत कार्य करना नहीं, बल्कि पहले से ऐसी मजबूत व्यवस्था तैयार करना है जिससे जन-धन की हानि को पूरी तरह रोका जा सके। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में अपनी तैयारियां पूरी करें तथा यमुना से सटे प्रत्येक गांव में जागरूकता, प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल सुनिश्चित करें।' उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर बाढ़ की दृष्टि से प्रमुख समस्याएं हैं, उनका विशेष रूप से चिन्हांकन किया जाए। ऐसे संवेदनशील स्थलों का 3 जुलाई को स्वयं निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी, ताकि किसी भी कमी को समय रहते दूर किया जा सके।

# कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं साहित्य सेवी रामेश्वर दास

» **पानीपत, यूटर्न/ 30 जून ।**

सामाजिक कार्यकर्ता एवं मन की उड़ान साहित्यिक संस्था (रजि.) करनाल हरियाणा के संस्थापक रामेश्वर दास को राजस्थान के नागौर जिले स्थित अखिल भारतीय कबीर मठ, बड़ी खाटू में आयोजित भव्य कबीर जयंती महोत्सव-2026 के अवसर पर समाजसेवा, हिन्दी भाषा, साहित्य व शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ह्न कबीर कोहिनूर राष्ट्रीय सम्मान ह्न से सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में देश-विदेश की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में श्री मठ कांशी से श्री राघव दास महाराज, भारत भूषण डॉ.नानक दास महाराज, भामाशाह मेघराज सिंह रायल, स्पेन निवासी युरोपियन अभिनेत्री और फिल्म निर्देशक सिल्विया डे ला रोजा सांजो, पद्मश्री कालूराम बामनिया, स्पेन से आध्यात्मिक विश्व गुरु महर्षि उमेश योगी, देहरादून से पद्मश्री डॉ.भूपेंद्र कुमार, नागौर से पद्मश्री हिम्मताराम भांभू, संस्कार न्यूज के प्रधान संपादक विजय कुमार शर्मा तथा अनेक गणमान्य विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में रामेश्वर दास को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिह्न एवं सम्मान-पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देश के 11 राज्यों से अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय



कार्य करने वाली 21 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक कार्यों, साहित्यिक कार्यों एवं शैक्षिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि रामेश्वर दास सामाजसेवा, हिंदी भाषा और साहित्य के संवर्धन एवं साहित्य सेवा के लिए कार्यरत हैं। उल्लेखनीय है कि रामेश्वर दास पिछले 25 वर्षों से सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों एवं पिछले 5 वर्षों से साहित्यिक कार्यों के माध्यम से समाज में काम कर रहे हैं। उन्होंने इस राष्ट्रीय सम्मान के लिए अखिल भारतीय कबीर मठ सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू का आभार व्यक्त किया। साहित्यकारों, शिक्षकों व शुभचिंतकों ने रामेश्वर दास को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# कार से टच हुई बाइक, किशोर का पीट-पीटकर कत्ल; गाजियाबाद के लोनी में रोडरेज में हुए मर्डर की कहानी




» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**

गाजियाबाद के लोनी में कार से बाइक टच होने की कीमत मुस्तफाबाद कॉलोनी में रहने वाले 17 साल के किशोर को अपनी जान देकर गंवानी पड़ी। किशोर अपने दो दोस्तों के साथ सोमवार दोपहर को बाइक पर बैठकर स्विमिंग पूल में नहाने गया था।

कार सवार आरोपी किशोर को अगवा कर अपने प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में ले गए। वहां पीट-पीटकर किशोर को अधमरा कर दिया। पीछे आ रहे दोस्तों ने घायल को परिवार के लोगों के साथ मिलकर दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार शाम किशोर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

यह घटना लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बंथला नहर रोड की है। शौकत परिवार के साथ लोनी के मुस्तफाबाद कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि उनका छोटा बेटा जैद (17) सोमवार को कॉलोनी में रहने वाले दो दोस्त नदीम और इब्राहीम के साथ बेहटा हाजीपुर नहर रोड स्थित एक स्विमिंग पूल में नहाने गया था।

## सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

कार सवार आरोपियों की पहचान के लिए आसपास की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। परिवार की तरफ से अभी शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के सही कारण का पता चलेगा।

## कार से टकराई बाइक

स्विमिंग पूल से लौटते समय उसकी बाइक सामने से आ रही कार की साइड से टकरा गई। आरोप है कि कार सवार दो युवकों ने बाइक चला रहे जैद को पीटा और कार में अगवा कर कुछ दूर प्रॉपर्टी डीलर के कार्यालय में ले गए। कार सवार युवकों ने जैद के साथ मारपीट की जिससे वह बेहोश हो गया।

दोनों दोस्त पीछा करते हुए वहां पहुंचे, जिस पर आरोपी फरार हो गए। दोस्त ई-रिक्शा से घायल जैद को घर लेकर पहुंचे। दोस्तों ने परिवार के लोगों को घटना की पूरी जानकारी दी। आनन फानन परिवार के लोग जैद को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।




# यमुना प्राधिकरण ने 8 उद्योगों को सौंपे लेटर ऑफ इंटेंट, 18 हजार से अधिक युवाओं को मिलेगा रोजगार

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 30 जून ।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मंगलवार को प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में निवेश करने वाले आठ औद्योगिक निवेशकों को औद्योगिक भूमि आवंटन के लिए लेटर ऑफ इंटेंट सौंपे। इस अवसर पर प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं निवेश प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र कुमार भाटिया समेत अन्य अधिकारी और निवेशक भी मौजूद रहे। यमुना प्राधिकरण के अनुसार, इन आठ औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में करीब 3,181.20 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे लगभग 18,126 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। ये परियोजनाएं ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, मेडिकल उपकरण, फूड प्रोसेसिंग, कॉस्मेटिक्स, प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) निर्माण और स्टील फर्नीचर जैसे विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी। इससे यमुना प्राधिकरण क्षेत्र को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ी सफलता मिलने की उम्मीद है। सबसे बड़ा निवेश संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। कंपनी को सेक्टर-8डी में 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है, जहां वह 1,156 करोड़ रुपये के निवेश से ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स निर्माण इकाई स्थापित करेगी।

# चीनी मिल आगामी पिराई सत्र को पारदर्शिता और दक्षता के साथ संचालित करना मिल प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य: उपायुक्त

» निर्मल सिंह विर्क

पानीपत, यूटर्न/ 30 जून ।पानीपत सहकारी चीनी मिल लिमिटेड में आगामी पिराई सत्र 2026-27 की व्यापक एवं समयबद्ध तैयारियों को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय स्थित मीटिंग हॉल में मिल के प्रशासकीय मंडल (बी.ओ.ए.) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी।बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं मिल के अध्यक्ष डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ करेंगे। बैठक में मिल के संचालन, रखरखाव, आधुनिकीकरण तथा विभिन्न आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की खरीद पर चर्चा हुई।




बैठक में सबसे पहले पूर्व में आयोजित प्रशासकीय मंडल की बैठकों की कार्यवाही का अनुमोदन किया जाएगा।इसके बाद आगामी पिराई सत्र के लिए 5000 टीसीडी क्षमता वाली शुगर मिल तथा 28 मेगावाट को-जनरेशन प्लांट के5 ऑफ-सीजन संचालन एवं रखरखाव का कार्य ठेके पर देने, मिल मशीनरी के रखरखाव, विभिन्न स्पेयर पार्ट्स, शाफ्ट, क्राउन पिनियन, रोलर्स, नट-बोल्ट, पैकिंग सामग्री, ऑक्सीजन एवं डी.ए. सिलेंडर, औद्योगिक पेंट, विद्युत केबल, हाई फ्लो पंप, सेंट्रीफ्यूगल मशीनों के स्पेयर पार्ट्स, गियर बॉक्स, टूल्स, पंप स्पेयर, कूलिंग टावर सामग्री, आरओ प्लांट मेम्ब्रेन, इंस्ट्रूमेंट्स, कंट्रोल वाल्व स्पेयर, कन्वेयर बेल्ट सामग्री, सूट ब्लोअर, ऑयल सील, स्टील एवं आयरन सामग्री सहित अन्य आवश्यक उपकरणों की खरीद से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

इसके अतिरिक्त फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन कार्य, 132 केवी स्विचयार्ड, ट्रांसफार्मर एवं 28 मेगावाट जनरेटर प्रोटेक्शन सिस्टम की टेस्टिंग एवं कमीशनिंग, विद्युत इंस्टॉलेशन एवं मॉडिफिकेशन, प्लांट क्षेत्र में पेवर ब्लॉक एवं ईंट बिछाने सहित आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने से संबंधित प्रस्तावों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त एवं अध्यक्ष, पानीपत सहकारी चीनी मिल डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि जिला प्रशासन और मिल प्रबंधन का उद्देश्य आगामी पेराई सत्र को पूरी क्षमता, पारदर्शिता और दक्षता के साथ संचालित करना है। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक खरीद एवं तकनीकी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना है।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, बेहतर रखरखाव और सुव्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से मिल की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ किसानों के हितों की भी पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।डॉ. वशिष्ठ ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक निर्णय पारदर्शी, गुणवत्ता आधारित और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया जाए, जिससे किसानों को समय पर बेहतर सुविधाएं मिलें और चीनी मिल का संचालन और अधिक प्रभावी बन सके।उपायुक्त ने इस संदर्भ में एक बार फिर से बैठक आयोजित करने के लिए सभी प्रशासकीय मंडल पदाधिकारी को निर्देश दिए।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 90 लोगों ने उठाया लाभ, 16 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित



» हरियाणा, यूटर्न/ 30 जून ।

गांव बालक स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में राज आई हॉस्पिटल, बरवाला द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।शिविर में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई।

शिविर के दौरान कुल 90 लोगों की आंखों की जांच की गई। सभी जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं तथा आधुनिक डिजिटल आई चेकअप की सुविधा भी प्रदान की गई। जांच के उपरांत 16 मरीजों को मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया।

शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह एवं उनकी टीम ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।इस दौरान मरीजों को आंखों की नियमित जांच, समय पर उपचार और आंखों की देखभाल के प्रति भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने राज आई हॉस्पिटल की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उनके गांव में ही उपलब्ध हो रही हैं।



शिविर में वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह एवं उनकी टीम ने मरीजों का परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया।

आयोजकों ने शिविर की सफलता का श्रेय संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास सभा, बालक (जिला हिसार), ग्रामवासियों एवं सभी सहयोगियों को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर समाज सेवा का कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा।

# बरवाला में गौशाला के नए शेड का उद्घाटन, गौसंरक्षण व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

» राजेश सलूजा

हरियाणा, यूटर्न/ 30 जून । बरवाला श्री विकलांग गौशाला, बनभौरी रोड, बरवाला में श्री महंत विनय गिरी जी महाराज के करकमलों द्वारा गौशाला में नवनिर्मित शेड का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गौभक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत विनय गिरी जी महाराज ने कहा कि गौमाता की रक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। उन्होंने सभी से जल संरक्षण, अधिक से अधिक पौधारोपण तथा नारी सम्मान और सुरक्षा का संकल्प लेने का आ'ान किया। महंत जी ने लोगों से अपील की कि किसी भी अवसर पर आतिशबाजी और पटाखों का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि पटाखों से होने वाला वायु प्रदूषण पृथ्वी के समस्त प्राणी जगत, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने किसानों से भी आग्रह किया कि धान और गेहूं की पराली में आग न लगाएं। इससे करोड़ों लाभकारी सूक्ष्म जीव एवं किसान मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं, साथ ही धरती माता की उर्वरक क्षमता भी लगातार कम होती जाती है।



उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति दया और संवेदना का भाव रखने का आ'ान किया। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला कमेटी के कामों की सराहना भी की जो 24 घंटे जंतुओं की सेवा में लगे रहते हैं।

कार्यक्रम का समापन गौसेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। महंत जी ने उपस्थित सभी लोगों से प्रकृति की रक्षा, गौसेवा और सामाजिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आग्रह किया।

## सीएमजीजीए प्रतीक्षा और डीईओ रामरत्न ने नए शैक्षणिक सत्र को लेकर की समीक्षा बैठक,

# समय पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

» हरियाणा, यूटर्न/ 30 जून ।

नए शैक्षणिक सत्र के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यालयों के पुनः खुलने से पूर्व सीएमजीजीए प्रतीक्षा एवं जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) रामरत्न की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी संबंधित प्रधानाचार्यों, खंड शिक्षा अधिकारियों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, बिजली, शौचालय, फर्नीचर, पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता, नामांकन अभियान, मिड-डे मील, विद्यार्थियों के स्वागत की तैयारियों सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं ताकि विद्यार्थियों का प्रथम दिवस उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक वातावरण के साथ प्रारंभ हो।जिला शिक्षा अधिकारी रामरत्न ने कहा कि सभी शिक्षक समय पर विद्यालय पहुंचना सुनिश्चित करें तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के साथ विद्यार्थियों और अभिभावकों से सकारात्मक संवाद बनाए रखें।उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं की कमी नहीं रहनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि विद्यालय खुलने के प्रथम दिन सभी सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा।यदि कहीं किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ, प्रेरणादायक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ प्रभावी, व्यवस्थित और उत्साहपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि विद्यालय खुलने के प्रथम दिन सभी सरकारी विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। यदि कहीं किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दूर करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन ने मांगों को लेकर एकदिवसीय दिया, सांकेतिक धरना

## मांगे नहीं मानी गई तो होगा 7 दिन बाद, आंदोलन

» पानीपत, यूटर्न/ 30 जून ।

इंडियन ऑयल पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन द्वारा कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाएं देने और अन्य मांगे पूरी करने के लिए रिफाइनरी कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख और मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन के खिलाफ नारेबाजी कर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। अगर कर्मचारी यूनियन की मांगे नहीं मानी गई तो 7 दिन बाद अपने हकों की लड़ाई के लिए अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा जिसका जिम्मेदार रिफाइनरी प्रशासन होगा। पानीपत रिफाइनरी कर्मचारी यूनियन ने रविवार देर शाम प्रधान संपूर्ण सिंह के नेतृत्व में रिफाइनरी टाउनशिप में एकत्रित होकर अपनी मांगें मनवाने के लिए कार्यकारी निदेशक हाय हाय, मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन हाय हाय, रिफाइनरी प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। प्रधान संपूर्ण सिंह ने अपने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिफाइनरी टाउनशिप में पीने का पानी स्वच्छ और साफ नहीं है जिसके लिए तुरंत आर.ओ. प्लांट लगवाया जाए। वंही रिफाइनरी टाउनशिप में बहुत अधिक संख्या में आवारा कुत्ते घूमते हैं। जो आए दिन किसी ने किसी को अपना शिकार बना लेते हैं। हम रिफाइनरी प्रशासन से मांग करते हैं कि आवारा कुत्तों का स्थाई समाधान करवाया जाए। दवाइयों की गुणवत्ता और मेडिकल लैब में सुधार करवाओ। सर्विस डिपार्टमेंट में मैनपावर की भर्ती करो आदि सहित हमारी दर्जन भर मांगें हैं जिनके लिए कर्मचारी यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया।




प्रधान संपूर्ण सिंह ने अपने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिफाइनरी टाउनशिप में पीने का पानी स्वच्छ और साफ नहीं है जिसके लिए तुरंत आर.ओ. प्लांट लगवाया जाए।

उन्होंने साफ कहा कि अगर 7 दिन के अंदर हमारी मांगे नहीं मानी गई तो 7 दिन के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा जिसका जिम्मेदार रिफाइनरी प्रशासन होगा। इस अवसर पर उनके साथ दिनेश कुमार, मनोज कटियार, शुभम चौधरी, कृष्णा, प्रदीप कुमार, ललित कुमार, टिंकू, चंदन, रवि प्रकाश आदि सहित कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी और सैंकड़ों की संख्या में यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें

### 18 दिन से लापता दो बहनों का सुराग नहीं, हिंदू रक्षा दल का थाने पर प्रदर्शन

**खोड़ा, यूटर्न/ 30 जून ।** वंदना विहार कॉलोनी बी-ब्लॉक से 18 दिन पहले लापता हुई दो सगी बहनों का सुराग न मिलने से नाराज हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को खोड़ा थाने पर प्रदर्शन किया। संगठन ने पुलिस को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि दोनों बहनों को सकुशल बरामद नहीं किया गया तो कार्यकर्ता थाने में सामूहिक आत्महत्या करेंगे। वंदना विहार कॉलोनी निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि 12 जून को उनकी 17 और 14 साल की दो बेटियां बुआ के घर जाने की बात कहकर निकली थीं, लेकिन दोनों बुआ के घर नहीं पहुंचीं। परिजनों ने काफी तलाश की, पर कोई पता नहीं चला। इसके बाद खोड़ा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों बहनों की तलाश के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस लगातार दबिश दे रही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया गया और एक सप्ताह में मामले के खुलासे का आश्वासन दिया गया है। हिंदू रक्षा दल के सदस्य सोनू शर्मा ने कहा कि 18 दिन बीतने के बाद भी पुलिस दोनों बहनों को तलाश नहीं कर सकी है। पुलिस से एक सप्ताह में सकुशल वापसी का समय मांगा है। यदि इस दौरान दोनों को वापस नहीं लाया गया तो संगठन के कार्यकर्ता थाने में सामूहिक आत्महत्या करेंगे।

### भोवापुर में युवक का शव फंदे पर लटका मिला, पत्नी-प्रेमी समेत 6 पर केस

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 30 जून ।** कौशांबी थाना क्षेत्र के भोवापुर इलाके में 23 मई को घर में विकास का शव संदिग्ध हालत में फंदे पर लटका मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी लक्ष्मी उर्फ इच्छा, उसके प्रेमी अभिषेक, सास शीला, ससुर खूबचंद, साली ज्योति और साले नवेंश के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। बरेली के कुल्हा गांव निवासी राम गोपाल ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे विकास की शादी भोवापुर निवासी लक्ष्मी उर्फ इच्छा से हुई थी। शादी के बाद विकास पत्नी के साथ भोवापुर में ही रहने लगा था। उन्हें पता चला कि लक्ष्मी के अभिषेक से प्रेम संबंध हैं। विकास ने इसका विरोध किया तो लक्ष्मी और उसके परिजन उसे प्रताड़ित करने लगे। राम गोपाल का आरोप है कि लक्ष्मी और उसके घरवाले विकास से लगातार रुपयों की मांग करते थे। पैसे न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते थे। शादी में उन्होंने लक्ष्मी को 15 लाख रुपये के गहने दिए थे। इसके बाद विकास के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराकर समझौते के नाम पर 3 लाख रुपये और वसूल लिए।

# मकान बेचने का झांसा देकर 32 .50 लाख की ठगी , मां-बेटों पर केस दर्ज

**» इंदिरापुरम, यूटर्न/ 30 जून ।**

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-1 में मकान बेचने के नाम पर 32.50 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर ग्रेटर नोएडा निवासी ऊषा गुप्ता और उसके दो बेटों प्रशांत व निशांत के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नीति खंड-1 निवासी अंजू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि उन्हें वैशाली में मकान खरीदना था।

इसी दौरान उनकी मुलाकात ग्रेटर नोएडा निवासी ऊषा गुप्ता के परिजनों से हुई। ऊषा गुप्ता का वैशाली सेक्टर-1 में एक भवन है। दोनों पक्षों के बीच भवन का




सौदा 1.70 करोड़ रुपये में तय हुआ था।

अंजू गुप्ता ने सितंबर 2025 में 32.50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया था। तय हुआ था कि शेष रकम का भुगतान भवन संबंधी सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिलने के बाद किया जाएगा।


पीड़िता के मुताबिक तय समय बीतने के बाद भी ऊषा गुप्ता ने एनओसी नहीं दी। इसी दौरान नवंबर 2025 में उनके पति का देहांत हो गया। पति की मौत से वह सदमे में रहीं। कुछ समय बाद उन्होंने ऊषा गुप्ता से संपर्क कर भवन की औपचारिकताएं पूरी करने और रजिस्ट्री कराने को कहा।

रजिस्ट्री न करने पर जब उन्होंने अपने 32.50 लाख रुपये वापस मांगे तो आरोप है कि ऊषा गुप्ता के दो बेटों प्रशांत और निशांत ने उन्हें धमकी देना शुरू कर दिया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अंजू गुप्ता की शिकायत के आधार पर ऊषा गुप्ता, प्रशांत और निशांत के खिलाफ कौशांबी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### कार में युवती से यौन संबंध की मांग, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में एक 24 वर्षीय महिला ने एक व्यक्ति पर कार के अंदर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत के अनुसार, आरोपी उसका परिचित है। वह उसे मोमोज खिलाने के बहाने बाहर ले गया और बाद में सीएनजी भरवाने के लिए रुकने की बात कहकर गाड़ी को एक सुनसान इलाके की ओर मोड़ दिया। महिला का आरोप है कि उस व्यक्ति ने अश्लील बातें करना शुरू कर दिया और यौन संबंध बनाने की मांग की। उसने महिला को गलत तरीके से छुआ और उसे कार से बाहर नहीं निकलने दिया। महिला ने पूरी घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड किया और पुलिस को मामले की सूचना दी। शिकायत के आधार पर मंडावली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। आरोपी को पकड़ लिया गया है और आगे की जांच चल रही है। एनडीटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, वायरल वीडियो में महिला को उस व्यक्ति से उसे जाने देने की गुहार लगाते हुए सुना जा सकता है।

# पति के पास जाने से रोकने पर प्रेमिका ने बहन के साथ मिलकर की प्रेमी की हत्या




**लोनी, यूटर्न/ 30 जून ।** पूजा कॉलोनी में 10 साल से प्रेमी के साथ रह रही तीन बच्चों की मां किरण ने अपनी बहन कशिश के साथ मिलकर प्रेमी जाकिर की गला दबाकर हत्या कर दी। 23 जून को जाकिर का शव घर में फंदे से लटका मिला था। हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए महिला ने खुद प्रेमी के परिजनों को फोन कर फंदा लगाने की सूचना दी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि के बाद पुलिस ने दोनों बहनों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मूलरूप से रामपुर निवासी जाकिर पूजा कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। उसकी पत्नी और छह बच्चे रामपुर में रहते हैं। जाकिर ने किरण को अपने घर के पास ही किराये का मकान दिला रखा था। किरण के पति धर्मवीर नोएडा के दनकौर में मजदूरी करते हैं। किरण अपने तीन बच्चों के साथ पति को बहन के घर जाने का बहाना बनाकर जाकिर के पास आकर रुकती थी। यह सिलसिला करीब 10 साल से चल रहा था। नवंबर 2025 से किरण लगातार जाकिर के साथ रह रही थी।

### शोर मचाकर आत्महत्या का नाटक, भाई को किया फोन

हत्या के बाद दोनों बहनों ने शोर मचाया कि जाकिर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। किरण ने खुद जाकिर के भाई को फोन कर आत्महत्या की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन शव लेकर रामपुर चले गए।

### बेटी पर बुरी नजर और पति के पास न जाने देने से थी नाराज

पूछताछ में किरण ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से जाकिर उसे पति के पास लौटने नहीं दे रहा था। आरोप है कि जाकिर किरण की बेटी पर भी बुरी नजर रखने लगा था। इससे परेशान होकर किरण ने 15 दिन पहले बहन कशिश को बुलाया और हत्या की योजना बनाई।

### ओला बुक कराकर बच्चों को भेजा, फिर डंडा मारकर बेहोश किया

योजना के तहत 23 जून को किरण ने जाकिर से ही ओला कैब बुक कराई। बच्चों को कैब में बैठाकर घूमने भेजने का बहाना किया और खुद घर लौट आई। कमरे में जाकिर, किरण और कशिश रह गए। दोनों बहनों ने पहले डंडे से जाकिर के सिर पर वार कर उसे बेहोश किया, फिर गमछे से गला दबाकर हत्या कर दी।

### मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर शुरू होगा चलो लखनऊ अभियान

**खोड़ा, यूटर्न/ 30 जून ।** खोड़ा रेजिडेंट एसोसिएशन (केआरए) ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जुलाई में चलो लखनऊ अभियान चलाने की घोषणा की है। सोमवार को आयोजित संगठन की बैठक में पेयजल संकट, सरकारी अस्पताल, 12वीं तक के सरकारी विद्यालय, महिलाओं के लिए प्रसूति केंद्र, मकानों पर स्थायी पता व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में फैसला लिया गया कि जुलाई महीने के अंत में लखनऊ चलो अभियान की शुरुआत होगी, हालांकि अभियान के लिए लोगों को संगठित करने का काम एक जुलाई से शुरू किया जाएगा। केआरए अध्यक्ष दीपक जोशी ने कहा कि करीब 12 लाख की आबादी वाला खोड़ा वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। नगर पालिका बनने के बाद भी विकास कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 के आमरण अनशन, 2024 की प्रस्तावित लखनऊ साइकिल यात्रा और 2025 में प्रधानमंत्री कार्यालय तक जाने के कार्यक्रम के दौरान भी प्रशासन ने आश्वासन दिए, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। जुलाई में क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ जाएगा। जब तक समस्याओं के समाधान का स्पष्ट रोडमैप नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा। बैठक में उपाध्यक्ष अमरचंद ठेकेदार ने खोड़ा की उपेक्षा का आरोप लगाया, जबकि सचिव अमर सिंह रावत ने अभियान के समर्थन में जनजागरण चलाने की बात कही। वरिष्ठ सदस्य ललित मिश्रा ने कहा कि जनता का भरोसा लगातार टूट रहा है और अब लोग बदलाव का मन बना चुके हैं।

# दिल्ली के पूर्व सीएम साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि, भाजपा नेताओं ने उनके विकास कार्यों को किया याद

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय राजधानी में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों और मंत्रियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और दिल्ली के विकास में उनके योगदान को याद किया।



साहिब सिंह वर्मा के बेटे और दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा, मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा समेत कई भाजपा सांसद अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि साहिब सिंह वर्मा का असमय निधन दिल्ली और पूरे देश के लिए बड़ी क्षति था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में साहिब सिंह वर्मा ने दिल्ली के विकास को नई दिशा दी और राजधानी में लोगों के बीच आत्मविश्वास का माहौल बनाया। मनोज तिवारी ने कहा कि आज भी लोग उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद करते हैं, जिन्होंने विकास को अपनी प्राथमिकता बनाया। यही वजह है कि उनकी पुण्यतिथि पर हर साल बड़ी संख्या में लोग उनके स्मारक पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह उनके प्रति जनता के सम्मान और प्रेम का प्रमाण है।

वहीं, भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी साहिब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने लंबे समय तक मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के रूप में देश और दिल्ली की सेवा की। उन्होंने विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू कीं।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मांग की कि सरिता विहार स्थित 'ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद' का नाम साहिब सिंह वर्मा के नाम पर रखा जाए, ताकि उनके योगदान को स्थायी सम्मान मिल सके और आने वाली पीढ़ियां भी उनके कार्यों को याद रखें। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने साहिब सिंह वर्मा को दिल्ली का महान सपूत बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा एक समर्पित जनसेवक के रूप में राजधानी की सेवा की। उनके नेतृत्व में ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ। अस्पताल, स्कूल, कॉलेज और सामुदायिक केंद्रों के निर्माण और विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### गांधी नगर पुलिस ने चोरी का खुलासा किया, नकदी और स्कूटी बरामद

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के गांधी नगर थाना पुलिस ने फैक्ट्री में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार और एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की 7 हजार रुपए की नकदी तथा एक चोरी की स्कूटी भी बरामद की है। जांच के दौरान वाहन चोरी के दो अन्य मामलों का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस के अनुसार, राजगढ़ कॉलोनी निवासी नागेंद्र महतो ने अपनी फैक्ट्री में चोरी होने की शिकायत दिल्ली पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर 24 जून 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 305/331 के तहत ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में बताया गया कि अज्ञात बदमाश फैक्ट्री का गेट तोड़कर अंदर घुसे और नकदी चोरी कर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने स्थानीय खुफिया जानकारी जुटाई, मुखबिरों का नेटवर्क सक्रिय किया और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे आरोपियों की गतिविधियों और भागने के रास्ते का पता चला। लगातार निगरानी और खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस ने 21 वर्षीय सलमान को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके 17 वर्षीय नाबालिग साथी को भी पकड़ लिया गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की।

# भारत का जीसीसी इकोसिस्टम नवाचार-आधारित विकास की अगली लहर को गति दे सकता है: नीति आयोग


» **बेंगलुरु, यूटर्न/ 30 जून ।**



नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) के निदेशक दीपक बागला ने मंगलवार को कहा कि भारत का ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) इकोसिस्टम स्टार्टअप्स, इनक्यूबेटर्स और युवा इनोवेटर्स के साथ साझेदारी कर देश में नवाचार-आधारित विकास की अगली लहर को आगे बढ़ाने की मजबूत क्षमता रखता है। बेंगलुरु में अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम), नीति आयोग और सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की साझेदारी में इनोवेशन 2026 पर आयोजित जीसीसी कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए बागला ने भारत के नवाचार के सफर में जीसीसी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला और उद्योग जगत से देश के इनोवेशन इकोसिस्टम के साथ अधिक गहरा जुड़ाव बनाने का आ'नकिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर इस बात पर जोर देते रहे हैं कि 'जय अनुसंधान' विकसित भारत की एक प्रेरक शक्ति बननी चाहिए। पिछले एक दशक में अटल इनोवेशन मिशन ने इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए देश भर में 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से युवा इनोवेटर्स को तैयार किया है। इसके साथ ही 100 से अधिक इनक्यूबेटर्स के जरिए स्टार्टअप्स और जमीनी स्तर के इनोवेटर्स को भी सहयोग दिया गया है। बागला ने आगे कहा कि आज जीसीसी ने भारत को प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और प्रोडक्ट इनोवेशन का वैश्विक केंद्र बना दिया है। यदि इन क्षमताओं को स्टार्टअप्स और नवाचार इकोसिस्टम के साथ जोड़ा जाए तो प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे, उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा, उद्योगों में नई तकनीकों को तेजी से अपनाया जा सकेगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी कंपनियां तैयार होंगी।

# दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी से निवेश बढ़ेगा, मैन्युफैक्चरिंग को मिलेगी रफ्तार और ग्रीन जॉब्स का होगा सृजनः पीएचडीसीसीआई

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**



उद्योग जगत के नेताओं ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पॉलिसी 2026 को मंजूरी मिलना एक दूरदर्शी कदम है, जो राजधानी में टिकाऊ शहरी परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ निवेश, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) और नवाचार को नई गति देगा। उनका मानना है कि यह नीति भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी।

प्रमुख उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने कहा कि वह नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरकार और उद्योग जगत के साथ मिलकर काम करेगा। संगठन का उद्देश्य एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी और टिकाऊ इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इकोसिस्टम विकसित करना है, जो आर्थिक विकास, औद्योगिक बदलाव और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने कहा कि यह नीति स्वच्छ परिवहन को दिल्ली के भविष्य के आर्थिक विकास और टिकाऊ शहरी विकास का महत्वपूर्ण आधार बनाती है। उन्होंने कहा कि नीति से निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी तकनीकों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, घरेलू मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार होगा और ईवी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर यह नीति 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण को मजबूत करने के भारत के व्यापक लक्ष्य के अनुरूप है। नई नीति में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर वित्तीय प्रोत्साहन, पात्र वाहनों के लिए रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में पूरी छूट, पुराने वाहनों को स्क्रैप करने पर प्रोत्साहन, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का बड़े पैमाने पर विस्तार और विभिन्न श्रेणी के वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक बनाने की योजना शामिल है। सरकार ने पॉलिसी की अवधि के दौरान ईवी इकोसिस्टम के विकास के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपए के निवेश का भी प्रस्ताव रखा है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह नीति केवल इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे बैटरी निर्माण, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीकरणीय ऊर्जा, बिजली वितरण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल कंपोनेंट्स, सॉफ्टवेयर समाधान, फ्लीट मैनेजमेंट, फाइनेंसिंग, रीसाइक्लिंग और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे कई क्षेत्रों में निवेश बढ़ने की संभावना है। दिल्ली ईवी पॉलिसी 2.0, जो वर्ष 2030 तक लागू रहेगी, में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोत्साहन और सख्त प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके तहत 30 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) तक की कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन शुल्क में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर 30,000 रुपए तक, तीनपहिया वाहनों पर 50,000 रुपए तक और पुराने बीएस-4 या उससे पुराने वाहनों को स्क्रैप करने पर 1 लाख रुपए तक का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# नए चेयरमैन की नियुक्ति के बाद एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट

## सीईओ की नियुक्ति प्रक्रिया अभी बाकी

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**




देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक के शेयर मंगलवार को शुरूआती कारोबार में गिरावट के साथ कारोबार करते दिखाई दिए। बैंक द्वारा पूर्व वित्त सचिव राजीव कुमार को तीन साल के लिए नया पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त किए जाने के बाद निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।

शुरूआती कारोबार में बीएसई पर एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.62 प्रतिशत गिरकर 794 रुपए के इंट्रा-डे लो पर पहुंच गए। वहीं खबर लिखे जाने तक कंपनी के शेयर 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 796.65 रुपए पर कारोबार करते नजर आए।

बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी गई जानकारी में बताया था कि राजीव कुमार को पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

उन्होंने अतानु चक्रवर्ती की जगह ली है, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफा देते समय उन्होंने कहा था कि बैंक में कुछ ऐसी कार्यप्रणालियां थीं, जो उनके व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों के अनुरूप नहीं थीं।

मार्च में अतानु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक के कामकाज में निरंतरता बनाए रखने के लिए केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन बनाया गया था। अब राजीव कुमार की नियुक्ति के साथ बैंक को तीन साल के लिए स्थायी चेयरमैन मिल गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोमवार को हुई गवर्नेंस, नॉमिनेशन एंड रेम्यूनरेशन कमेटी (एनआरसी) की बैठक में बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की दोबारा नियुक्ति पर कोई चर्चा नहीं हुई।

रिपोर्ट्स के अनुसार, बैंक जल्द ही सीईओ की पुनर्नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगा। बैंक चाहता है कि इस प्रक्रिया से पहले स्थायी चेयरमैन पूरी तरह पदभार संभाल लें।

बीएसई के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक के शेयर ने पिछले 52 हफ्तों में 1,020.35 रुपए का उच्चतम स्तर और 726.75 रुपए का न्यूनतम स्तर छुआ है। पिछले एक वर्ष में बैंक का शेयर 20 प्रतिशत से अधिक गिरा है।

# अदाणी के विझिंजम पोर्ट में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए एमएससी ग्रुप करेगा करीब 1.4 अरब डॉलर का निवेश

» **अहमदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**



अदाणी पोर्ट्स ने मंगलवार को घोषणा की कि उसने एमएससी ग्रुप के साथ एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत एमएससी की कंटेनर टर्मिनल संचालन और निवेश कंपनी टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल), अदाणी विझिंजम पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (एवीपीपीएल) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए करीब 1.4 अरब डॉलर का निवेश करेगी।

यह समझौता भारत के बंदरगाह क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निजी निवेश माना जा रहा है। इसके साथ ही विझिंजम पोर्ट हिंद महासागर क्षेत्र में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत करेगा।

इस सौदे के तहत टीआईएल विझिंजम पोर्ट में करीब 1.397 अरब डॉलर का निवेश करेगी, जो विझिंजम पोर्ट के कुल 2.85 अरब डॉलर के मूल्यांकन में उसकी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा कि विझिंजम पोर्ट बहुत कम समय में एक प्रमुख ट्रांसशिपमेंट हब बनकर उभरा है। उन्होंने कहा, 'सिर्फ 18 महीनों के भीतर विझिंजम पोर्ट ने 20 लाख टीईयू (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट) कार्गो हैंडलिंग का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला यह भारत का पहला बंदरगाह बन गया है।'

उन्होंने आगे कहा कि एमएससी के साथ एपीएसईजेड की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी अब विझिंजम पोर्ट तक पहुंचने से उन्हें काफी खुशी है। उनका विश्वास है कि यह सहयोग वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन को अधिक कुशल बनाएगा और भारत को प्रमुख विकसित तथा उभरते वैश्विक बाजारों तक पहुंच को और मजबूत करेगा।

कंपनी ने बताया कि यह सौदा नियामकीय मंजूरियों सहित अन्य आवश्यक स्वीकृतियां मिलने के बाद पूरा होगा। एपीएसईजेड के अनुसार, एमएससी ग्रुप के साथ यह रणनीतिक साझेदारी कई बड़े फायदे लेकर आएगी। इससे अतिरिक्त कार्गो मिलने के कारण बंदरगाह की क्षमता तेजी से बढ़ेगी और तय समय से पहले परिचालन विस्तार संभव होगा।

इसके अलावा, बांग्लादेश से आने वाले कार्गो की हिस्सेदारी बढ़ेगी, जो फिलहाल दक्षिण-पूर्व एशिया के अन्य ट्रांसशिपमेंट हब पर निर्भर है। साथ ही पूर्वी अफ्रीका के व्यापार मार्गों पर कंपनी की मौजूदगी मजबूत होगी और रिले कार्गो की मात्रा में भी बढ़ोतरी होगी। टर्मिनल इन्वेस्टमेंट लिमिटेड (टीआईएल) दुनिया की सबसे बड़ी कंटेनर टर्मिनल ऑपरेटिंग कंपनियों में से एक है।

यह एमएससी ग्रुप का हिस्सा है और इसके पास पांच महाद्वीपों में 100 से अधिक कंटेनर टर्मिनलों का नेटवर्क है। साथ ही, कंपनी हर साल 7 करोड़ टीईयू से अधिक कार्गो का संचालन करती है। दिसंबर 2024 में शुरू हुआ विझिंजम पोर्ट भारत का पहला डीप-ड्राफ्ट मेगा ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है, जिसकी मौजूदा क्षमता 16 लाख टीईयू है।

# भारत के डिजिटल पेमेंट सिस्टम के वैश्विक स्तर पर विस्तार के साथ ही ग्रीस में भी शुरू हुई यूपीआई सेवाः गोयल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**




केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) अब ग्रीस में भी शुरू हो गया है, जिससे योग्य ग्राहक अब तुरंत, सुरक्षित और आसान तरीके से पैसे ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके साथ ही, लेनदेन की लागत भी पारंपरिक तरीकों की तुलना में काफी कम हो जाएगी। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि दुनिया भर में यूपीआई को मिल रही स्वीकृति और सराहना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तकनीक-आधारित समाधानों की सोच पर दुनिया भरोसा कर रही है। उन्होंने कहा कि ये समाधान सीमाओं से परे जाकर मूल्य सृजित कर रहे हैं और साझा विकास व समृद्धि के लिए वैश्विक साझेदारी को मजबूत बना रहे हैं। ग्रीस दौरे के दौरान पीयूष गोयल ने यूरोबैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) फोकियन करावियास से मुलाकात की और भारत-ग्रीस आर्थिक साझेदारी को और मजबूत बनाने पर चर्चा की। गोयल ने कहा, 'हमने ग्रीक कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित किया और ग्रीस में विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) तथा बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया।'

# संक्षिप्त खबरें

## रुपया सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर खुला

**मुंबई, यूटर्न/ 30 जून ।** रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर आ गया। महीने के अंत में आयातकों और कंपनियों की ओर से डॉलर की बढ़ी मांग से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अपेक्षाकृत स्थिरता रहने से रुपये की गिरावट कुछ हद तक सीमित रही। खाड़ी क्षेत्र में आपूर्ति बाधित होने की आशंकाओं और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी अनिश्चितता ने निवेशकों की धारणा पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव की तुलना में सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को शुरूआती बढ़त गंवाते हुए, डॉलर के मुकाबले छह पैसे की गिरावट के साथ 94.51 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.31 पर रहा।

## 1 जुलाई से बदलेंगे नियम और बढ़ेंगे खर्चे

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।** 30 जून कई वित्तीय और सरकारी कामों को निपटाने का आखिरी दिन है। यदि आपने अभी तक इनकम टैक्स, एलपीजी-ईकेवायसी, पासपोर्ट आवेदन जैसे जरूरी काम पूरे नहीं किए हैं, तो तुरंत कर लें। दरअसल, 1 जुलाई से कुछ नए नियम लागू होने जा रहे हैं, जिनके कारण आपको आर्थिक नुकसान या बढ़ी हुई फीस का सामना करना पड़ सकता है। इनकम टैक्स से जुड़ा कामः यदि आपने असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल किया है, तो 30 जून तक आयकर विभाग कुछ मामलों में जांच के लिए नोटिस जारी कर सकता है। रिकॉर्ड में अंतर होने पर यह नोटिस मिल सकता है, जिसका समय पर जवाब देना महत्वपूर्ण है। इंडेन, भारत गैस या एचपी गैस के ग्राहकों को 30 जून तक ईकेवायसी कराना अनिवार्य है ताकि सब्सिडी जारी रहे। इसे न करने पर आपकी सब्सिडी रुक सकती है। 1 जुलाई से नए पासपोर्ट या नवीनीकरण की फीस बढ़ जाएगी। 36 पेज के लिए 2,500 (तत्काल 5,000 रुपए) और 60 पेज के लिए 3,500 रुपए (तत्काल 6,000 रुपए) लगेंगे। भारतीय रेलवे 1 जुलाई से नए नियम लागू करेगा। बिना टिकट या गलत टिकट पर अब न्यूनतम 500 रुपए जुर्माना देना होगा, जो पहले 250 रुपए था।

# विदेशी नागरिकों के एम्फेटामाइन रैकेट का किया भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 30 जून ।**

ड्रग तस्करी के खिलाफ चल रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत पटेल नगर पुलिस स्टेशन की टीम ने विदेशी नागरिकों से जुड़े ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इसके साथ ही एम्फेटामाइन (एक तरह का नशीला पदार्थ) बरामद किया है।



25 जून को गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि एक विदेशी नागरिक दिल्ली के पटेल नगर इलाके में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर रहा था। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए एसीपी सुनील कुमार की देखरेख में और पटेल नगर के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई।

टीम ने दिल्ली के शादीपुर फ्लाईओवर के पास एक रणनीतिक जाल बिछाया और 54 ग्राम एम्फेटामाइन के साथ एक आरोपी को पकड़ लिया। लगातार पूछताछ और आगे की कार्रवाई के दौरान निहाल विहार और निलोथी में कई छापे मारे गए, जिसके परिणामस्वरूप दो और साथियों को गिरफ्तार किया गया। कुल तीन आरोपियों को पकड़ा गया और उनके पास से कमर्शियल मात्रा में एम्फेटामाइन बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी प्रिंस निवासी (22 साल) निवासी केप टाउन, दक्षिण अफ्रीका का रहने वाला है। वह 2023 में मेडिकल/टूरिस्ट वीजा पर भारत आया था। उसका वीजा मार्च 2026 में खत्म हो गया था, जिसके बाद वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था। इसी तरह एफोसा मिकेल एटोहन उर्फ लियोन (24) मूल रूप से बेनिन सिटी, नाइजीरिया का रहने वाला है। वह 2019 में स्टडी वीजा पर भारत आया था, जो 2023 में खत्म हो गया था। वह भारत में अवैध रूप से रहते हुए पाया गया। इसी तरह जस्टिन चुकुवा (36) जन्म से ही भारत में रह रहा है। उसके पिता नाइजीरियाई नागरिक हैं, जबकि उसकी मां भारतीय नागरिक हैं।

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे नाइजीरिया के रहने वाले हैं और उनका मुख्य काम भारत और नाइजीरिया के बीच कपड़ों का आयात-निर्यात करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्ड-24 के पल्ला में जर्जर सड़क और जाम नालियों से परेशानी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।** वार्ड-24 के पल्ला क्षेत्र में बदहाल सड़कें, खुले सीवर और जाम नालियों के कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। इलाके में कई स्थानों पर सड़कें पूरी तरह टूटी हुई हैं, जिनमें गहरे गड्ढे और जगह-जगह बड़े पत्थर रखे हैं। वहीं कई जगह सीवर लाइनें खुली पड़ी हैं, जिससे वाहन चालकों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय निवासी सुरेश का कहना है कि यह स्थिति दिन में तो किसी तरह संभल जाती है, लेकिन रात के समय हालात बेहद खतरनाक हो जाते हैं। अंधेरे में सड़क पर बने गड्ढे और पत्थर नजर नहीं आते, जिससे दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खोकर गिरने की स्थिति में पहुंच जाते हैं। कई बार छोटे-मोटे हादसे भी हो चुके हैं, जिससे लोगों में डर का माहौल है। निवासियों ने आरोप लगाया है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स

### ग्रामीण रूटों पर रोडवेज बसों की कमी से बढ़ी यात्रियों की परेशानी

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।** शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसों की पर्याप्त सुविधा न होने से हजारों यात्रियों को रोजाना समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तिगांव, पल्ला, मोहना, भूपानी, खेड़ी कलां, चांदपुर, नेकपुर और आसपास के गांवों में रोडवेज बसों की कमी के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित बस सेवा नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरी में निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्री सोहन का कहना है कि अधिकांश रूटों पर बसों की संख्या जरूरत के मुकाबले काफी कम है। सुबह और शाम के व्यस्त समय में बसें यात्रियों से पूरी तरह भरी रहती हैं। कई ग्रामीण रूटों पर शाम के समय बसों के फेरे कम होने से लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार अंतिम बस निकल जाने के बाद यात्रियों को निजी वाहनों से घर लौटना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है।

यात्री शिखा का कहना है कि ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर है, लेकिन लंबे समय से बसों की संख्या नहीं बढ़ाई गई है। उन्होंने परिवहन विभाग से मांग की है कि तिगांव, मोहना, मंझावली और अन्य प्रमुख ग्रामीण रूटों पर रोडवेज बसों के फेरे बढ़ाए जाएं। साथ ही सुबह और शाम के व्यस्त समय में अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिले।

# ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलेगी एक्सरे की सुविधा

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब एक्सरे जांच के लिए जिला नागरिक बीके अस्पताल पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। आए दिन बीके अस्पताल की एक्सरे मशीन खराब होने से दूर-दराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को बिना जांच के लौटना पड़ता है या फिर निजी केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर जल्द एक्सरे मशीनें स्थापित होने से ग्रामीण मरीजों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से तिगांव, खेड़ीकलां, कौराली और धौज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्सरे मशीनें स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। लंबे समय से लंबित इस योजना को अब अमलीजामा पहनाया जा रहा है। विभाग ने मशीनों की स्थापना की प्रक्रिया तेज कर दी है और जल्द ही इन केंद्रों पर एक्सरे सुविधा शुरू होने की संभावना है।

वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश मरीजों को एक्सरे जांच के लिए बीके अस्पताल का रुख करना पड़ता है। यहां पहले से ही मरीजों की भीड़ रहती है। कई बार मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले मरीजों को कई बार बिना जांच कराए ही लौटना पड़ता है, जबकि कुछ लोगों को मजबूरी में निजी जांच केंद्रों पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है।



### हड्डी रोगियों व घायलों को होती है अधिक परेशानी

हड्डी रोग से पीड़ित मरीजों और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार मरीज चलने-फिरने की स्थिति में नहीं होता, लेकिन एक्सरे जांच के लिए उसे बीके अस्पताल लाना मजबूरी बन जाती है। ऐसे मरीजों को लंबी दूरी तय करने और अस्पताल में इंतजार करने से अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ती है। सीएचसी स्तर पर एक्सरे सुविधा शुरू होने के बाद ऐसे मरीजों को अपने नजदीकी केंद्र पर ही जांच की सुविधा मिल सकेगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का मानना है कि चारों सीएचसी में एक्सरे शुरू होने से बीके अस्पताल पर पड़ने वाला दबाव कम होगा।

# बिजली कटौती पर फूटा लोगों का गुस्सा विभाग के खिलाफ प्रदर्शन

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**

पिछले करीब एक सप्ताह से जारी बिजली कटौती से परेशान लोगों ने सोमवार की सुबह बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह करीब आठ बजे बड़ी संख्या में औद्योगिक क्षेत्र के कर्मचारी सरूरपुर चौक स्थित बिजली कार्यालय पहुंचे और विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी सोमवार सुबह 8 बजे से 4 बजे तक भूख हड़ताल पर रहे।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खेड़ी पावर हाउस मूल रूप से सरूरपुर औद्योगिक क्षेत्र की बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया था, लेकिन पिछले दो महीने में सोहना रोड फीडर और श्याम धर्म कांटा फीडर को इससे अलग कर पाली पावर हाउस से जोड़ दिया गया। इन दोनों फीडरों से करीब 400 औद्योगिक इकाइयों को बिजली आपूर्ति होती है। महिलाओं कर्मचारियों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से मशीनें बंद रहती हैं। परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। विभाग को जल्द समाधान करना चाहिए।

प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नए पावर हाउस में तीन ट्रांसफार्मर लगाए जाने थे, लेकिन केवल दो ही लगाए गए हैं। दोनों पुराने ट्रांसफार्मर हैं और उनकी क्षमता भी कम है। एक ट्रांसफार्मर पर करीब 80 प्रतिशत तक लोड रहता है, जबकि दूसरे ट्रांसफार्मर की कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने बताया कि लगातार बिजली कटौती के कारण उत्पादन प्रभावित हो रहा है और उन्हें ओवरटाइम नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी आय में कमी आई है। प्रदर्शन के दौरान बिजली कार्यालय बंद मिला, जिससे लोगों का आक्रोश और बढ़ गया। सूचना मिलने पर जेई मंदीप मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से बातचीत की। उन्होंने जल्द बिजली आपूर्ति में सुधार और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।




### बढ़ती खपत से बिजली हो रही प्रभावित

जानकारी के अनुसार अप्रैल में जहां बिजली खपत करीब 26 हजार यूनिट थी, वहीं जून में यह बढ़कर लगभग 30 हजार यूनिट तक पहुंच गई है। बढ़ती खपत के चलते बिजली व्यवस्था पर दबाव बढ़ा है और कटौती की समस्या भी अधिक देखने को मिल रही है। वहीं, परेशान लोग लगातार बिजली निगम के कंट्रोल रूम में शिकायत कर रहे हैं। बिजली निगम के कंट्रोल रूम में प्रतिदिन दो हजार से 2300 शिकायतें पहुंच रही हैं। पाली पावर हाउस से उन्हें केवल करीब 10 घंटे बिजली मिल रही है और वोल्टेज भी काफी कम रहते हैं, जिससे उद्योगों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है।

# अचीवर्स सोसाइटी में पानी-बिजली का संकट, 550 परिवार परेशान




**फरीदाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।** सेक्टर-49 स्थित अचीवर्स सोसाइटी के करीब 550 परिवार इन दिनों पेयजल और बिजली संकट से जूझ रहे हैं। सोसाइटी निवासी अब नियमित पानी और निर्बाध बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान हैं। करोड़ों रुपये खर्च कर भी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। लोगों ने बिल्डर पर शिकायतों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

निवासियों के अनुसार, सोसाइटी में विला की कीमत करीब एक करोड़ रुपये, जबकि फ्लैट्स की कीमत 2.50 से 3.50 करोड़ रुपये के बीच है। वर्ष 2008 से पजेशन मिलना शुरू हुआ था। शुरूआती वर्षों में सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया, लेकिन एक दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। जबकि निवासी हर महीने दो हजार से 2600 रुपये तक रखरखाव शुल्क का भुगतान कर रहे हैं।

निवासी अमित और राजीव का कहना है कि सोसाइटी में पेयजल आपूर्ति के लिए तीन ट्यूबवेल लगाए गए थे, लेकिन दो वर्ष पहले एक ट्यूबवेल खराब हो गया और बाद में बाकी दोनों भी बंद हो गए। आरोप है कि बिल्डर ने उनकी मरम्मत कराने के बजाय टैंकरों से पानी की व्यवस्था शुरू कर दी। निवासियों का कहना है कि विधायक की पहल पर पानी की पाइपलाइन तो बिछाई गई, लेकिन उसमें अधिकांश समय पानी नहीं आता।

# ट्रांसफॉर्मर में लगी भीषण आग, 2 किलोमीटर दूर तक दिखीं लपटें; कई दमकल गाड़ियों ने पाया काबू

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 30 जून ।**

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के दिल्ली सीमा से सटे खोड़ा क्षेत्र की आदर्श नगर कॉलोनी में सोमवार-मंगलवार मध्यरात्रि 12 बजकर 35 मिनट पर एक ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पास से गुजर रही बिजली की केबलों में फैल गई। आग इतनी तेज थी कि उसकी ऊंची-ऊंची लपटें करीब 2 किलोमीटर दूर से भी साफ दिखाई दे रही थीं।

घटना की सूचना मिलते ही फायर विभाग तुरंत हरकत में आया। शुरूआत में करीब आधा दर्जन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। इसके अलावा आसपास के फायर स्टेशनों से भी अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमों ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

घटना को लेकर फायर अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि फायर कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि शिव मंदिर वाली गली, आदर्श नगर, खोड़ा गांव में एक ट्रांसफॉर्मर में आग लग गई है। सूचना मिलते ही दो दमकल गाड़ियों को तुरंत मौके के लिए रवाना किया गया।





उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचने के बाद जानकारी मिली कि ट्रांसफॉर्मर के पास रखे डीजल के कुछ ड्रम भी आग की चपेट में आ गए थे। इससे आग के आसपास के मकानों तक फैलने का खतरा बढ़ गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दो अतिरिक्त दमकल गाड़ियां और संकरी गलियों में आसानी से पहुंचने वाली फायर क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल को भी तुरंत मौके पर भेजा गया।

वहीं, गाजियाबाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि शिव मंदिर वाली गली, आदर्श नगर, खोड़ा कॉलोनी में लगी आग पर फायर सर्विस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी तरह काबू पा लिया। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि इस पूरी घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।



## मौनी रॉय ने खोले दिल के राज

हाल ही में पति सूरज से अलग होने के बाद अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने अपने भावनात्मक दर्द, आत्मिक विकास और क्षमा के महत्व पर खुलकर बात की है। मौनी ने बताया कि मेडिटेशन और आध्यात्मिक अभ्यासों ने उन्हें इस मुश्किल दौर से उबरने और दुःख का सामना करने की हिम्मत दी है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने साझा किया कि वह हमेशा लोगों को उनकी गलतियों के लिए जल्दी माफ कर देती हैं, लेकिन उनके दिए गए दर्दों को भुलाना उनके लिए सबसे मुश्किल काम रहा है। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनका स्वभाव ऐसा रहा है, लेकिन अपनी आध्यात्मिक यात्रा में आगे बढ़ते हुए उन्हें लगता है कि लोगों को माफ कर देना चाहिए और दुःख भुलाने में भगवान मदद करते हैं। मौनी के अनुसार, जितना दर्द पकड़ोगे उतना ही दर्द होगा। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मन में बातों को लेकर बैठा रहता है, उसे ही सबसे ज्यादा तकलीफ होती है, और जो व्यक्ति ज्यादा देर नाराज रहता है, दुःख उतना ही उसे जकड़ कर रखता है। अगर मन की खुशी चाहते हैं तो सब कुछ भूल जाना चाहिए।



## जिंदगी कितनी नाजुक है, अब समझ में आया: अर्जुन बिजलानी

हाल ही में छोटे परदे के अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने छत्तीसगढ़ में कैंसर मरीजों से मुलाकात के अपने अनुभव साझा किए। अभिनेता ने बताया कि इस दौरान जो दृश्य उन्होंने देखे, उन्होंने उन्हें भीतर तक झकझोर कर रख दिया। अभिनेता का कहना है कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना केवल किसी एक फिल्म इंडस्ट्री या कुछ चुनिंदा लोगों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति का कर्तव्य है जिसकी समाज तक पहुंच है। एक बातचीत के दौरान अर्जुन बिजलानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कैंसर मरीजों से मुलाकात के समय वह बेहद भावुक हो गए थे। उन्होंने विशेष रूप से एक ऐसे दो वर्षीय बच्चे का जिक्र किया, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रहा था। अभिनेता ने कहा कि उस मासूम बच्चे की स्थिति और उसके माता-पिता की बेबसी देखकर उनका दिल द्रवित हो गया। इस अनुभव ने उन्हें एहसास कराया कि जीवन कितना अनिश्चित और नाजुक है तथा छोटी-सी लापरवाही भी भविष्य में बड़ी समस्या का रूप ले सकती है।

## 'स्पिरिट' में रोल को लेकर तृप्ति डिमरी का रिएक्शन

संदीप रेड्डी वंगा के निर्देशन में बन रही फिल्म 'स्पिरिट' लगातार चर्चा में बनी हुई है. इस फिल्म में साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी भी नजर आएंगी. हाल ही में एक इंटरव्यू में तृप्ति डिमरी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी और कहा कि वह इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं. तृप्ति डिमरी ने बॉलीवुड हंगामा से बातचीत में कहा कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बहुत खास अनुभव होने वाला है. हालांकि उन्होंने यह भी साफ किया कि अभी फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी साझा करना जल्दबाजी होगी. उनके अनुसार सही समय आने पर ही पूरी बात सामने आएगी और दर्शकों को फिल्म से जुड़ी चीजें देखने को मिलेंगी.

इससे पहले 'स्पिरिट' उस समय सुर्खियों में आई थी जब दीपिका पादुकोण इस फिल्म से बाहर हो गई थीं. रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि शेड्यूल, फीस और प्रॉफिट शेयरिंग को लेकर डायरेक्टर और दीपिका के बीच सहमति नहीं बन सकी. इसके बाद यह मामला और भी चर्चा में आ गया था. डायरेक्टर संदीप रेड्डी वंगा ने भी इस विवाद के दौरान सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने बिना नाम लिए इंडस्ट्री और पीआर को लेकर अपनी नाराजगी जताई थी. उनके पोस्ट में फिल्ममेकिंग और एक्टर-डायरेक्टर रिश्तों को लेकर भी टिप्पणी की गई थी, जिसने काफी सुर्खियां बटोरी थीं. अब तृप्ति डिमरी के जुड़ने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं. हालांकि मेकर्स की तरफ से अभी तक कहानी और अन्य विवरण पूरी तरह से सामने नहीं आए हैं.





## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में विराट की वापसी के बाद ईशान नंबर 4 पर बल्लेबाजी करें : रायुडू

**हैदराबाद, यूटर्न/ 30 जून ।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में विराट कोहली की वापसी को देखते हुए बल्लेबाज ईशान को चौथे नंबर पर उतारा जाना चाहिये। रायुडू के अनुसार ईशान बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं जिससे ईशान स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों के खिलाफ प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं। रायुडू ने ईशान किशन के हाला के अच्छे प्रदर्शन की तारीफ की और कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में उनकी बल्लेबाजी काफी अच्छी थी। धर्मशाला में 34 रन और लखनऊ में 125 रन की अपनी पारियों से इस बल्लेबाज ने अपने को साबित किया है। रायुडू के विश्लेषण के मुताबिक, विराट कोहली के नंबर-3 पर लौटने के बाद, ईशान के लिए नंबर-4 सबसे उपयुक्त स्थान होगा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि नंबर-4 पर ईशान किशन और नंबर-5 पर श्रेयस अय्यर की जोड़ी भारत के मध्यक्रम को बेहद मजबूत और स्थिर बना सकती है। रायुडू ने विराट कोहली की मानसिक दृढ़ता और फिटनेस की जमकर तारीफ की। रायुडू ने कहा कि विराट अपनी तैयारी, फिटनेस और प्रक्रिया को लेकर बेहद अनुशासित हैं। उन्हें हमेशा पता होता है कि खराब दौर हमेशा नहीं रहेगा। उनकी यह लगन युवा खिलाड़ियों के लिए एक नया मानक स्थापित करती है। कई क्रिकेटरों ने उनसे प्रेरणा लेकर अपने करियर को बेहतर बनाया है। वहीं रायुडू ने कहा कि 2027 एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल को लगातार अवसर दिये जाने चाहिये।



## वैभव की प्रतिभा पर संदेह नहीं पर उन्हें भी तय प्रक्रिया से गुजरना होगा : डोएशे

**मुम्बई, यूटर्न/ 30 जून ।** भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशे ने कहा है कि 15 साल के उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी एक बेहतरीन प्रतिभा हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए तैयार नजर आते है। डोएशे के अनुसार इसके बाद भी वैभव को टीम में जगह मिलने से पहले उसी तय प्रक्रिया से गुजरना होगा जिससे अन्य खिलाड़ी गुजरते है। इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से ठीक पहले वैभव को लेकर दिया गया डोएशे का ये बयान बेहद अहम माना जा रहा है। आयरलैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई दो मैचों की टी20 श्रृंखला में वैभव को अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिली। वहीं भारतीय टीम को दोनों ही मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से ही मांग की जा रही है कि वैभव अभी फार्म में हैं और उन्हें टीम में डेब्यू का अवसर मिले। इसी को लकर डोएशे ने कहा कि हमें उसकी प्रतिभा पर कोई संदेह नहीं। साथ ही कहा कि कि टीम में कुछ स्थापित और हाल ही में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी भी हैं जिन्हें बाहर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने संजू सैमसन का उदाहरण देते हुए कहा, सैमसन भी एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन महीने पहले हमें विश्व कप जिताने में बहुत बड़ा योगदान दिया था। डोएशे ने यह भी बताया कि सैमसन ने इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) में भी बेहद प्रभावशाली प्रदर्शन किया है.

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में है: अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 जून ।**



भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अपने आखिरी एक या दो फीसदी चरण में है और बातचीत करने वाले बाकी मुद्दों को सुलझाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि करीब 18 महीने की बातचीत के बाद यह डील जल्द ही पूरी हो जाएगी।

अमेरिका-रणनीतिक साझेदारी फोरम (यूएसआईएसपीएफ) लीडरशिप समिट में अमेरिकी राजदूत गोर ने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने समझौते को फिनिश लाइन तक पहुंचाने के लिए हाल के हफ्तों में बातचीत तेज कर दी है। गोर ने कहा, 'पिछले हफ्ते ही, अमेरिका (व्यापार प्रतिनिधि) राजदूत (जेमिसन) ग्रीर दो दिनों के लिए दिल्ली आए थे और उम्मीद है कि हम इस डील के आखिरी चरण में हैं। इस डील का ज्यादातर हिस्सा पूरा हो चुका है। दोनों तरफ से कुछ चीजें बाकी हैं, लेकिन यह उस डील का आखिरी एक या 2 फीसदी है।' उन्होंने कहा कि बातचीत में समय लगा क्योंकि वे मुश्किल थीं, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इतने बड़े व्यापार समझौते को पूरा होने में अक्सर सालों लग जाते हैं।

उन्होंने कहा, 'लोग आपसे पूछते हैं कि इसमें इतना समय क्यों लगा? हम डेढ़ साल से ट्रेड डील पर काम कर रहे हैं। इसे सही नजरिए से देखें तो, यूरोपीय व्यापार समझौते में 20 साल लगे। इसलिए, चाहे कुछ भी हो जाए, जब तक हम यूरोपीय डील को हरा देते हैं, मुझे लगता है कि हम अच्छी हालत में हैं।'

गोर ने कहा कि वह समझौते को पूरा करने के लिए पक्के इरादे वाले हैं और इसे दोनों देशों के लिए फायदेमंद बताया।

उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं इसे समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हूं क्योंकि यह एक ऐसा सौदा है जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह एक पक्ष या दूसरे पक्ष के लिए नहीं है। यह एक जीत-जीत की स्थिति है जहां दोनों पक्ष अविश्वसनीय चीजें कर सकते हैं और इस संबंध को अगले स्तर पर ले जा सकते हैं।' उन्होंने कहा कि यह समझौता द्विपक्षीय व्यापार में लगे व्यवसायों के लिए अधिक निश्चितता प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एआई से नुकसान पर नजर रखने लॉन्च किया अर्ली वॉर्निंग ट्रैकर

**कैलिफोर्निया, यूटर्न/ 30 जून ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण बेरोजगारी फैलने के डर को कम करने और भविष्य के लिए तैयार रहने के उद्देश्य से अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य ने एक नया पोर्टल लॉन्च किया है, जो एआई की वजह से होने वाली नौकरियों के नुकसान पर बारीकी से नजर रखता है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम के कार्यालय के अनुसार, इस ट्रैकर का मुख्य उद्देश्य एआई के कारण बड़े पैमाने पर होने वाली नौकरियों की हानि के लिए एक अर्ली वॉर्निंग सिस्टम (समय से पहले चेतावनी देने वाला सिस्टम) के तौर पर काम करना है। यह प्रणाली सरकार को यह तय करने में मदद करेगी कि कहां सबसे ज्यादा दखल देने या सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है। यह ट्रैकर कैसे काम करेगा, यह जानने के लिए कैलिफोर्निया सरकार ने कैलिफोर्निया एम्प्लॉयमेंट डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के साथ-साथ कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में कैलिफोर्निया पॉलिसी लैब के साथ मिलकर काम किया है।

### पाकिस्तान के हवाई हमलों की वैश्विक स्तर पर निंदा, संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

**काबुल, यूटर्न/ 30 जून ।** अफगानिस्तान के पक्तिया, पक्तिका और कुनार प्रांतों में पाकिस्तान की ओर से किए हुए हवाई हमलों की दुनिया के कई देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने कड़ी निंदा की है। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित 36 नागरिकों की मौत हो गई जबकि 163 लोग घायल हो गए। तालिबान सरकार के उप-प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोमवार को हमले में हुई जनहानि का अपडेट दिया। उन्होंने मृतकों और घायलों की संख्या बताते हुए कहा कि इस हमले में तीन मकान पूरी तरह नष्ट हो गए।



## भूकंपीय ऊर्जा को 250 परमाणु बमों के बराबर बताना सटीक माप नहीं

**काराकास, यूटर्न/ 30 जून ।** वेनेजुएला में आए दो शक्तिशाली भूकंपों को लेकर सोशल मीडिया पर यह दावा किया जा रहा है कि इन भूकंपों से निकली ऊर्जा लगभग 250 परमाणु बमों के विस्फोट के बराबर थी। हालांकि वैज्ञानिकों का कहना है कि ऐसी तुलना केवल भूकंप की तीव्रता को आम लोगों तक सरल तरीके से समझाने का माध्यम है, इसे सटीक वैज्ञानिक माप नहीं माना जाना चाहिए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार उत्तरी वेनेजुएला में महज 39 सेकंड के अंतराल पर 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भूकंप दर्ज किए गए। इतनी कम अवधि में आए इन दोनों शक्तिशाली झटकों को भूविज्ञान की भाषा में सिस्मिक डबलेट कहा जाता है। दोनों भूकंप कैरेबियन और दक्षिण अमेरिकी टेक्टोनिक प्लेटों की सीमा पर सक्रिय भू-दरारों के कारण आए, जिससे व्यापक क्षेत्र में तेज कंपन महसूस किया गया। विशेषज्ञ बताते हैं कि भूकंप से निकलने वाली ऊर्जा का अनुमान उसकी तीव्रता के आधार पर लगाया जाता है। कई बार इसकी तुलना हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से इसलिए की जाती है ताकि लोग इसकी वास्तविक शक्ति का अंदाजा आसानी से लगा सकें। लेकिन यह तुलना पूरी तरह निश्चित नहीं होती, क्योंकि अलग-अलग वैज्ञानिक गणना पद्धतियां, ऊर्जा मापने के तरीके और परमाणु विस्फोट की क्षमता के अलग-अलग मानकों का उपयोग करती हैं।

# संयुक्त राष्ट्र में अफगान मिशन ने पाकिस्तानी हमलों पर जताई चिंता, जवाबदेही तय करने को कहा

» **न्यूयॉर्क, यूटर्न/ 30 जून ।**

संयुक्त राष्ट्र में अफगानिस्तान के स्थायी मिशन ने पक्तिया, पक्तिका और कुनार प्रांतों में पाकिस्तानी हवाई हमलों की कड़ी निंदा की है। मिशन ने कहा कि इन हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कई निर्दोष अफगान नागरिक मारे गए और घायल हुए हैं। साथ ही पाकिस्तान से अफगान क्षेत्र में सभी सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकने और अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघन के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की गई है। तालिबान के उप-प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोमवार को बताया था कि 28 जून की रात पाकिस्तानी सेना की ओर से किए गए हवाई हमलों में 36 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 163 लोग घायल हुए। उन्होंने यह भी कहा कि हमलों में तीन रिहायशी मकान पूरी तरह तबाह हो गए। संयुक्त राष्ट्र में अफगान मिशन ने कहा कि ये हमले अफगानिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का गंभीर उल्लंघन हैं और संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ हैं। मिशन के अनुसार, कोई भी सुरक्षा संबंधी चिंता ऐसे सैन्य अभियान को उचित नहीं ठहरा सकती, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान जाए या किसी दूसरे देश की सीमाओं का उल्लंघन हो। हर परिस्थिति में नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मिशन ने कहा कि अफगानिस्तान के लोग दशकों से युद्ध, हिंसा




और अस्थिरता झेलते आ रहे हैं और आज भी उसके गंभीर परिणाम भुगत रहे हैं।

बयान में तालिबान शासन की भी आलोचना की गई। मिशन ने कहा, 'तालिबान की दमनकारी नीतियों, मानवाधिकार उल्लंघनों और अपनी जिम्मेदारियां निभाने में विफलता ने पहले ही अफगान जनता को भारी पीड़ा दी है। ऐसे में पाकिस्तान और तालिबान के बीच आतंकवाद के आरोपों और बढ़ते तनाव का खामियाजा आम अफगान नागरिकों को नहीं भुगतना चाहिए। नागरिकों की लगातार हो रही पीड़ा को सामान्य नहीं माना जा सकता।' अफगान मिशन ने संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से स्थिति पर करीबी नजर रखने, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों की पुष्टि करने और अफगानिस्तान की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही भविष्य में तनाव बढ़ने से रोकने और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

मिशन ने कहा कि अफगानिस्तान के लोग शांति, सुरक्षा, अपनी संप्रभुता के सम्मान और आतंकवाद, हिंसा तथा भय से मुक्त जीवन के हकदार हैं। वहीं, नॉर्वेजियन रिफ्यूजी काउंसिल (एनआरसी) के महासचिव जान एगेलैंड ने भी इन हमलों पर चिंता जताई। उन्होंने पाकिस्तान और तालिबान से अपने मतभेद बातचीत के जरिए सुलझाने की अपील करते हुए कहा कि नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को कभी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। दोनों पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए।

## नक्शे पर बिंदी जितना छोटा देश, पर कांपते हैं भारत के दुश्मन



**विक्टोरिया, यूटर्न/ 30 जून ।** हिंद महासागर में चीनी प्रभुत्व के दिन अब शायद लदने वाले हैं, क्योंकि भारत ने समुद्री क्षेत्र में ड्रैगन को घेरने के लिए अपनी रणनीति में एक बड़ा बदलाव किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विजन महासागर के तहत सीधे सेशेल्स पहुंचे हैं, जिसे हिंद महासागर का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और रणनीतिक खिलाड़ी माना जाता है। पिछले कई वर्षों से चीन इस क्षेत्र के छोटे द्वीपीय देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाकर सैन्य अड्डे स्थापित करने की फिराक में था, जैसा कि उसने श्रीलंका के हंबनटोटा पोर्ट के साथ किया। लेकिन भारत ने ऐन वक्त पर सेशेल्स के साथ अपने सुरक्षा और कूटनीतिक रिश्तों को मजबूती प्रदान करके चीन के स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स प्लान को बड़ा झटका दिया है। अब हिंद महासागर के उस व्यस्त समुद्री मार्ग पर, जहां से दुनिया का सबसे अधिक तेल और व्यापार गुजरता है, भारत और सेशेल्स मिलकर चौबीसों घंटे कड़ी निगरानी करेंगे।

# फेडरल रिजर्व गवर्नर को हटाने की राष्ट्रपति ट्रंप की कोशिश हुई नाकाम

» **वॉशिंगटन, यूटर्न/ 30 जून ।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को एक और बड़ा कानूनी झटका लगा है, जब सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को फेडरल रिजर्व बोर्ड की गवर्नर लिसा कुक को उनके पद से हटाने के उनके प्रयास को 5-4 के बहुमत से खारिज कर दिया। यह 1913 में फेडरल रिजर्व की स्थापना के बाद पहला ऐसा मौका है जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने केंद्रीय बैंक के किसी अधिकारी को हटाने की कोशिश की हो, और सर्वोच्च अदालत ने इसे असफल कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ ने ट्रंप प्रशासन के उस अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसमें निचली अदालत के उस आदेश को हटाने की मांग की गई थी, जिसने फेड गवर्नर लिसा कुक को तत्काल बर्खास्त करने से रोका था। ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में फेड की स्वतंत्रता पर बार-बार हमला बोला है और अपनी कार्यकारी शक्तियों की सीमाओं को परखा है। लिसा कुक फेडरल रिजर्व बोर्ड की सात सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं, जो अमेरिकी



मौद्रिक नीति तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त किया गया था और उनका कार्यकाल 2038 तक चलना है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बावजूद, डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिसा कुक के खिलाफ और कार्रवाई करने की धमकी दी है। उन्होंने लिखा कि हम तुरंत उचित कार्रवाई करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी अपराधी संयुक्त राज्य अमेरिका के कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले न ले सके।

# भारत-अमेरिका संबंधों में साझा मूल्य होने चाहिए: कांग्रेसमैन रो खन्ना

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 30 जून ।**

अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी फोरम (यूएसआईएसपीएफ) लीडरशिप समिट में डेमोक्रेटिक कांग्रेसमैन रो खन्ना ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश और इमिग्रेशन नीति की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी आखिर में लेन-देन के फायदे के बजाय साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए। खन्ना कैलिफोर्निया की सिलिकॉन वैली का प्रतिनिधित्व करते हैं और तकनीक और विदेश नीति पर डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख आवाजों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने अपने भाषण का ज्यादातर हिस्सा ग्लोबल अलायंस, टैरिफ और इमिग्रेशन को लेकर ट्रंप के अप्रोच पर हमला करने में लगाया और फिर भारत के साथ अमेरिका के संबंध के लिए अपना विजन बताया।



उन्होंने ट्रंप सरकार को एकतरफा एक्शन और व्यापार नीति के जरिए अमेरिका की वैश्विक पहचान को कमजोर करने का आरोप लगाया। खन्ना ने कहा, 'हमें दुनिया भर में अपने संबंध फिर से बनाने होंगे। अमेरिकी नेताओं की अगली पीढ़ी को विदेश में देश की विश्वसनीयता वापस लानी होगी।' लेकिन राजनीतिक आलोचना के बीच, खन्ना ने अपनी स्पीच का दूसरा हिस्सा भारत-अमेरिका संबंध के गहरे मकसद पर फोकस किया और कहा कि इसे रक्षा, व्यापार और निवेश से आगे बढ़कर दोनों देशों के साझा लोकतांत्रिक आदर्शों को दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'एक भारतीय अमेरिकी के तौर पर मेरी उम्मीद है कि जब हम अमेरिका-भारत संबंध के बारे में बात करते हैं, तो हम रक्षा, आर्थिक और निवेश संबंधों से आगे बढ़कर बात करें।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *